पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.) 05/0084/09-11

इस अंक का मूल्य 2 रुपये




।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्**
**विशाल आर्य कार्यकर्ता बैठक**
रविवार, 8 मई, 2011
प्रातः 11.00 से 1.30 बजे तक
आर्य समाज, कबीर बस्ती
पुरानी सब्जी मंडी, दिल्ली-7
प्रीतिभोज दोपहर 1.30 बजे
आप सादर आमंत्रित हैं
**-महेन्द्र भाई, महामंत्री**

वर्ष-27 अंक-23 ज्येष्ठ-2068 दयानन्दाब्द 188 1 मई से 15 मई 2011 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

Website : www.aryayuvakparishad.com aryayouthgroup@yahoogroups.com E-mail : aryayouth@gmail.com

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में पं. गुरुदत्त विद्यार्थी व महात्मा हंसराज को समर्पित भव्य संगीत सन्ध्या सम्पन्न



दीप प्रज्जवलन का दृश्य : बायें से श्री सुरेन्द्र गुप्ता, दुर्गेश आर्य, डा. अनिल आर्य, महेन्द्र बूटी, राजीव कुमार परम, दुर्गा प्रसाद कालरा, चमनलाल महेन्द्रु, यशपाल चावला, शशिभूषण मल्होत्रा, लाला ओम प्रकाश व यज्ञशरण कुलश्रेष्ठ, द्वितीय चित्र में श्रीमती करूणा व तिलक चान्दना, एवं माता राम देवी चान्दना के अभिनन्दन का दृश्य।

दिल्ली/ शनिवार, 16 अप्रैल 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् नई दिल्ली के तत्वावधान में बैसाखी, पं. गुरुदत्त विद्यार्थी व महात्मा हंसराज दिवस के उपलक्ष्य में भव्य संगीत सन्ध्या का आयोजन आर्य समाज प्रशान्त विहार, दिल्ली में किया गया। दिल्ली के कोने-कोने से सैंकड़ों आर्यजनों ने उत्साहपूर्वक पहुंचकर कार्यक्रम का आनन्द लिया।

समारोह का शुभारम्भ आचार्य गवेन्द्र शास्त्री के ब्रह्मत्व में यज्ञ के साथ हुआ, मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती करूणा व तिलक चांदना, श्रीमती सुधा व सुरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती पूजा व अनिल मित्रा, नरेन्द्र कालरा व सुरेश आर्य शोभायमान हो रहे थे। तत्पश्चात् कु. प्रिया गुलाटी, प्रवीन आर्या, विम्मी अरोड़ा, डा. रचना चावला के मधुर भजन हुए, फिर मंच सम्भाला युवा गायक नरेन्द्र आर्य सुमन ने उनकी स्वर लहरी पर लोग झूम उठे। निगम पार्षद सुदेश भसीन व प्रवेश वाही मुख्य अतिथि के रूप में विद्यमान थे व समारोह की अध्यक्षता समाज के प्रधान श्री दुर्गा प्रसाद कालरा ने की व संचालन डॉ. अनिल आर्य ने किया। इस अवसर पर आर्य नेता राजकुमार शर्मा, चमन लाल महेन्द्रु, सुरेन्द्र गुप्ता, कृष्ण कुमार छाबड़ा, जगदीश शरण आर्य, चन्द्रमोहन खन्ना, यज्ञशरण कुलश्रेष्ठ, अजीत मदान, सुधीर खुराना, धूम सिंह शास्त्री, राजकुमार सपरा, महेन्द्र बूटी, राजीव आर्य, उर्मिला आर्या, सुमन नागपाल, अमिता सपरा, माता जानकी देवी नागपाल, कांति प्रकाश आर्य, सोहनलाल मुखी, ओमप्रकाश भावल, ओमप्रकाश चुघ, हंसराज डुडेजा, सोहनलाल मेहता, सुदेश डोगरा, डॉ. राजीव चावला, रामकुमार सिंह, महामंत्री महेन्द्र भाई, दुर्गेश आर्य, कृष्ण चंद पाहूजा, सन्तोष शास्त्री, देवेन्द्र भगत, आशा गुप्ता, राज ग्रोवर, सुभाष कोछड़ व सूरज गुलाटी आदि विद्यमान थे।

**''आर्यश्रेष्ठी अवार्ड''** से श्री ओम प्रकाश भावल, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल व श्री यशपाल चावला को सम्मानित किया गया। समापन पर माता रामदेवी चांदना के सौजन्य से सभी ने ऋषि लंगर का भरपूर आनंद लिया।




परिषद् द्वारा आर्य समाज प्रशांत विहार में आयोजित संगीत सन्ध्या का आनन्द लेते श्रद्धालु आर्यजन।

## हिन्दु हितों के साथ कुठाराघात सहन नहीं होगा -आर्य नेता अनिल आर्य

नई दिल्ली। रविवार, 24 अप्रैल 2011, आर्य समाज मॉडल बस्ती, दिल्ली का 67वां वार्षिकोत्सव 22 अप्रैल से 24 अप्रैल 2011 तक सौत्साह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि आज देश में तुष्टिकरण की नीति चल रही है। हिन्दु हितों की अनदेखी की जा रही है। अब और अधिक कुठाराघात सहन नहीं किया जायेगा। हिन्दुओं को अपने अधिकारों व स्वाभिमान की रक्षा के लिए एक जुट हो खड़ा होना होगा। इस अवसर पर बरेली के पं. भानु प्रकाश शास्त्री के मधुर भजन हुए तथा पं. अखिलेश भारती, पं. कुवंरपाल शास्त्री, पं. जयप्रकाश शास्त्री, आचार्य विश्वमित्र मेधावी आदि के उद्बोधन हुए। प्रमुख रूप से आर्य नेता अमरनाथ गोगिया, सुनील सूरी, जोगराज मेहरा, जगदीश आर्य, रवि दत्त, नरेन्द्र जग्गी, कीर्ति शर्मा, ओमप्रकाश नरूला, नफेसिह देसवाल, गोपाल जैन, नरेन्द्र आर्य आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात् परिषद् अध्यक्ष आर्य समाज संदेश विहार, आर्य समाज सै. 7, रोहिणी, आर्य समाज मयूर विहार फेज 1 व आर्य समाज ग्रेटर कैलाश-1, के कार्यक्रमों में भी सम्मिलित हुए।

## डेरा महरौली आर्य समाज का उत्सव सम्पन्न



आर्य समाज, डेरा महरौली, नई दिल्ली का वार्षिकोत्सव, 15,16,17 अप्रैल 2011 को सौत्साह सम्पन्न हुआ। डा. देव शर्मा के प्रवचन व श्री कुलदीप विद्यार्थी के मधुर भजन हुए। उपरोक्त चित्र में डॉ. अनिल आर्य सम्बोधित करते हुए। साथ में प्रधान श्री सुन्दर दास हंस, नंदलाल कालरा आदि। इस अवसर पर भगवान दास मेहता, सुन्दरलाल कालरा, राजेश खरबन्दा, महेन्द्र मनचंदा, मदन लाल मनचंदा, सुमन आर्य, मदनलाल मुखी आदि भी उपस्थित थे।

## डॉ. धर्मेन्द्र शास्त्री की ''रामायण महिमा'' का विमोचन



दिनांक 18 अप्रैल 2011 को नई दिल्ली के मालवीय स्मृति भवन में वैदिक विद्वान् डॉ. धर्मेन्द्र शास्त्री की पुस्तक ''रामायण महिमा'' के अंग्रेजी रूपान्तरण "Ramayana - Its Impact on Human Being का विमोचन ओडीसा के राज्यपाल महामहिम श्री मुरली धर चन्द्रकांत भन्डारे के कर कमलों द्वारा हुआ। समारोह की अध्यक्षता श्री बृजमोहन मुंजाल (चेयरमैन, हीरो होण्डा) ने की। इस अवसर पर डॉ. जर्नादन वाघमारे (सांसद), श्री यशपाल रहेजा, स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, डॉ. अनिल आर्य, राकेश भटनागर, चतरसिंह नगार, गोपाल अरोड़ा, प्रकाशवीर शास्त्री, विकास वर्मा, सुकृति भटनागर, नरेन्द्र वशिष्ठ आदि गणमान्य आर्यजन उपस्थित थे।

## दानवीर राव हरिश्चन्द्र आर्य का अमृत महोत्सव

आर्य जगत् के जाने पहिचाने उदारमना राव हरिश्चन्द्र आर्य, नागपुर का अमृत महोत्सव एवं सार्वजनिक अभिनन्दन दिनांक 21 मई 2011 को सायं 4 बजे नागपुर स्थित वसन्तराव देशपांडे सांस्कृतिक सभागृह सिविल लाईन नागपुर में आयोजित करने का निश्चय हुआ है। कार्यक्रम में अनेक विद्वानों व सामाजिक नेताओं के साथ ही आशीर्वाद हेतु परम पूज्य स्वामी रामदेवजी महाराज भी हरिद्वार से आ रहे हैं। अत: सभी शुभ चिन्तक विद्वान् एवम् मित्र गण सादर आर्मत्रित है। –स्वामी धर्मानन्द सरस्वती, गुरुकुल आश्रम आमसेना

## आर्य समाज, ग्रेटर कैलाश-1 का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

दक्षिण दिल्ली की सुप्रसिद्ध आर्य समाज, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली का 45वां वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। डॉ. धर्मवीर जी (अजमेर), डॉ. महेश विद्यालंकार के प्रवचन व पं. जगत वर्मा (पंजाब) के मधुर भजन हुए। श्री वेदकुमार वेदालंकार, आचार्य वीरेन्द्र विक्रम, माता सरोज अग्निहोत्री, माता सन्तोष मुंजाल, संतोष रहेजा, प्रेम शर्मा, ए.पी. नागपाल, योगेश मुंजाल, एम.एल. छाबड़ा, एच. सी. भारद्वाज, राजीव चौधरी के सहयोग से उत्सव सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रधान श्री रामकृष्ण तनेजा ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री डी.एन. ग्रोवर ने कुशल संचालन किया।

## आर्य समाज पश्चिम विहार का उत्सव सम्पन्न

आर्य समाज, पश्चिम विहार, नई दिल्ली का 33वां वार्षिकोत्सव दिनांक 25 अप्रैल से 1 मई 2011 तक सौत्साह मनाया गया। आचार्य श्री वेदप्रकाश श्रोत्रिय की वेद कथा व पं. कंचन कुमार आर्य के मधुर भजन हुए। समापन समारोह की अध्यक्षता श्री सुरेन्द्र जी गोयल ने की व माता आशा जी, स्वामी धर्मेश्वरानंद सरस्वती ने आशीर्वाद प्रदान किया। मंच संचालन मंत्री श्री राजेन्द्र लाम्बा ने किया तथा प्रधान श्री जगदीश नागिया, संरक्षक श्री हीरालाल चावला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। –सुनील बत्रा, राजेश कालड़ा

## आर्य समाज सुशान्त लोक में भजन संध्या सम्पन्न

गुड़गांव की प्रसिद्ध आर्य समाज सुशान्तलोक -1 में गत् 14 अप्रैल 2011 को श्री सुचित नारंग की मधुर भजन सन्ध्या का आयोजन किया गया तथा डॉ. महेश विद्यालंकार के प्रवचन हुए। समारोह को सफल बनाने में श्रीमती स्नेह खट्टर, ममता मेहतानी, बी.आर. सीकरी, डॉ. सत्यम, माता विद्यावती नारंग, श्री आर.पी. शर्मा, डॉ. धर्मवीर सेठी, विजय सेठ का सराहनीय योगदान रहा।

निमन्त्रण पत्र

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्

के तत्वावधान में

## आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर

**उद्घाटन समारोह**

रविवार, 12 जून 2011 प्रात: 11 से 1.00 बजे तक

**भव्य समापन समारोह व आर्यो का मेला**

**रविवार 19 जून 2011, समय : सायं 5 से 8 बजे तक**
**स्थान : ऐमिटी स्कूल कैम्पस्, सैक्टर-44, नोएडा ( उ.प्र. )**

आप उद्घाटन व समापन समारोह के अवसर पर युवा शक्ति को आशीर्वाद देने सपरिवार इष्टमित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।
अपनी-अपनी आर्य समाजों से स्पेशल बसों, टैम्पो, आदि का प्रबन्ध करके हजारों की संख्या में पहुंचे
नोट :- दोनो दिन समारोह के पश्चात् 'ऋषि लंगर' का प्रबन्ध रहेगा।


**विशेष आकर्षण**

युवकों द्वारा परेड, योगासन, दण्ड-बैठक, लाठी, जूडो-कराटे, बाक्सिंग स्तूप, लेजियम आदि का भव्य व्यायाम प्रदर्शन होगा

## बाबु दरबारी लाल जी को नमन

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा एवं डी.ए.वी. के प्रधान बाबु दरबारी लाल जी की पुण्य तिथि **15 मई** के अवसर पर केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की ओर से स्मरण व विनम्र श्रद्धाजंलि। **-डॉ. अनिल आर्य, अध्यक्ष**

## जिला गाजियाबाद आर्य महासम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न



आर्य उप-प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित रामलीला मैदान, सैक्टर-23, राजनगर गाजियाबाद में आचार्य आनंद पुरुषार्थी के ब्रह्मत्व में (25) कुंडीय महायज्ञ सम्पन्न हुआ। श्रीमती संतोष आर्या ने ईश्वर भक्ति व समाज सुधार के गीतों से श्रोताओं को भक्ति रस धारा से सराबोर कर दिया। डा. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति की धरोहर, परम्पराओं को जानने व समझने की जरूरत है। स्वामी नरसिंहानंद ने कहा कि धर्म के लिए जब व्यक्ति अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देता है, उसे संस्कृति की धरोहर, परम्पराओं को जानने व समझने की जरूरत है।

डा. अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली) ने कहा कि फिल्मी पोस्टर, फिल्में, टीवी चैनल, मीडिया एडवरटाईज के माध्यम से अश्लीलता परोसना तथा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारियों को आतंकवादी बताना आदि-आदि अपसंस्कृति के अनेकों उदाहरण है। जिन्हें हमें समझना होगा।

स्वामी आर्य वेश जी (संयोजक सार्वदेशिक सभा संचालन समिति दिल्ली) ने कहा कि आज सबसे ज्यादा आक्रमण हमारी संस्कृति पर हो रहे है। इसे बचाने के लिए जागरूक होना होगा। प्राचीन गुरूकुलीय प्रणाली को अपनाना होगा।

इस अवसर पर पं. राम स्वरूप, विश्वबंधु आर्य मोदी नगर, रामनिवास आर्य मुख्य अतिथि मा. के.सी. त्यागी (पूर्व सांसद) ने भी अपने विचार व्यक्त किये। महापौर दमयंती गोयल नो भी अपने विस्तृत विचारों से लोगो को अवगत कराया।

इस अवसर पर डा. निष्ठा विद्यालंकार, श्रीमती प्रतिभा सिघंल, श्रीमती शकुंतला वर्मा, स्नेह ओबेराय, वैद्यराज, जीतराम शास्त्री, सत्यवीर चौधरी, श्रद्धानंद शर्मा, सेवाराम त्यागी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहें। जिला सभा के प्रधान श्री माया प्रकाश त्यागी के कुशल नेतृत्व में सम्मेलन शानदार सफलता से सम्पन्न हुआ।

## प्रवेश सूचना : गुरुकुल औरैया

आर्ष गुरुकुल ऐरवा कटरा (औरैया) में 15 मई 2011 से प्रवेश प्रारम्भ हो रहा है। योग्य, मेधावी बालकों का ही प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा केवल 15 ब्रह्मचारियों का ही प्रवेश होगा।

प्रवेश हेतु ब्रह्मचारी का 5 कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। निर्धन परिवारों के मेधावी योग्य बालकों को शुल्कादि में छूट का प्रावधान ।

स्थान सीमित है शीघ्रता करें। -आचार्य राजदेव शास्त्री, संचालक, मो. 9411239744

डॉ. अमिता चौहान एवं डॉ. अशोक कुमार चौहान के सान्निध्य में

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् का ग्रीष्मकालीन अवकाश में**

# राष्ट्रीय शिविर

## युवक चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास शिविर

**दिनांक 11 जून से 19 जून 2011 तक**

**स्थान : ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सैक्टर-44, नोएडा, उ.प्र.**

अपने बच्चों को संस्कारित करने, देशभक्त बनाने व उनके सर्वांगीण विकास हेतु शिविर में अवश्य भेजें। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक युवक 150 रुपये शिविर शुल्क सहित अपना स्थान शीघ्र आरक्षित करवा लें। **सभी शिविरार्थी शनिवार, 11 जून को सायं 4 बजे पहुंच जायें।** सम्पर्क सूत्र : देवेन्द्र भगत, मो. 9312406810, रामकुमारसिंह आर्य, मो. 9868064422, दुर्गेश आर्य, मो. 9868664800, प्रवीन आर्य, 9911404423, सन्तोष शास्त्री, मो. 9868754140

### दानी महानुभावों की सेवा में अपील

शिविर एक रचनात्मक आन्दोलन है, सभी दानी महानुभाव उदारतापूर्वक सहयोग दें व ऋषि लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, सब्जी, मसाले, रिफाइंड, देसी घी, आदि खाद्य सामग्री देकर पुण्य के भागी बनें। समस्त क्रास चैक/ड्राफ्ट 'केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली' के नाम से कार्यालय, आर्यसमाज कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मंडी, दिल्ली-110007 के पते पर भिजवायें। फोन : सुरेश भगत मो. 9868661680

**केन्द्रीय आर्य युवती परिषद् दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में**

## आर्य कन्या चरित्र निर्माण शिविर

**रविवार 22 मई 2011 से रविवार 29 मई 2011 तक**

**स्थान : आर्य समाज, रमेश नगर, नई दिल्ली-15**

**उद्घाटन** : रविवार 22 मई 2011, प्रातः 11 बजे

**समापन** : रविवार 29 मई, सायं 5 से 7.30 बजे

अपनी बच्चियों को साहस, स्व-सुरक्षा एवं स्वावलम्बन की भावना से ओत-प्रोत करने के लिए अवश्य भेजें। **सम्पर्क** : 9871601122, 9899555280

-: निवेदक :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **नीता खन्ना**<br>प्रान्तीय प्रभारी | **प्रभा सेठी**<br>अध्यक्षा | **अर्चना पुष्करणा**<br>महामन्त्री | **आदर्श सहगल**<br>वरिष्ठ सचिव |
| **नरेन्द्र आर्य सुमन**<br>प्रधान | **सत्यपाल नारंग**<br>मंत्री | **नरेश विज**<br>शिविर प्रबंधक | **कान्ता हसीजा**<br>प्रधाना समाज |

## अलवर युवक चरित्र निर्माण शिविर

दिनांक 30 मई 2011 से रविवार 5 जून, 2011 तक

**स्थान : डी.वी.एम. पब्लिक स्कूल, नारनौल रोड, बहरोड़, अलवर**

सम्पर्क करें : श्री रामकृष्ण शास्त्री, संयोजक, मो. 09461405709

## पलवल युवक चरित्र निर्माण शिविर

दिनांक 13 जून 2011 से रविवार, 19 जून, 2011 तक

**स्थान : डी.ए.वी. स्कूल, न्यू कॉलोनी, पलवल, हरियाणा**

सम्पर्क करें : स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती, शिविराध्यक्ष, मो. 09416267482

## फरीदाबाद युवक चरित्र निर्माण शिविर

दिनांक 5 जून 2011 से रविवार, 12 जून, 2011 तक

**स्थान : ग्रीन फील्डस पब्लिक स्कूल, सुनपेड़, बल्लभगढ़, फरीदाबाद**

सम्पर्क करें : श्री जितेन्द्र सिंह आर्य मो. 9210038065

## एटा युवक चरित्र निर्माण शिविर

दिनांक 1 जून 2011 से रविवार, 5 जून, 2011 तक

**राजरानी इन्टर कॉलेज, बहरौलपुरा (पटियाली रोड) एटा, उ.प्र.**

सम्पर्क करें : श्री यज्ञवीर चौहान मो. 09810493055

**अग्निहोत्री धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में**

**मूर्धन्य आर्य संन्यासी स्वामी दीक्षानन्द जी के आठवें स्मृति दिवस पर**

# प्रेरणा दिवस

**रविवार, 15 मई 2011, सायं 4 से 7.30 बजे तक**

**स्थान : हिन्दी भवन सभागार, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, आई.टी.ओ., नई दिल्ली-110002**

### कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| **ध्वजारोहण** | : | श्री आनन्द चौहान (प्रधान, आर्य समाज, डिफेंस कॉलोनी) |
| **अध्यक्षता** | : | श्री रामनिवास लखोटिया (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व टैक्स डॉक्टर) |
| **मुख्य अतिथि** | : | माननीय डॉ. योगानन्द शास्त्री (अध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा) |
| **मुख्य वक्ता** | : | डॉ. महेश विद्यालंकार, डॉ. वागीश आचार्य, डॉ. राज बुद्धिराजा |
| **दीप प्रज्जवलन** | : | माननीय श्री बृजमोहन मुंजाल (चेयरमैन हीरो हॉडा) |
| **विशिष्ट अतिथि** | : | शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान, श्री योगेश मुंजाल, कै. रुद्रसेन सन्धु, डॉ. डी.के. गर्ग, दीपक भारद्वाज, नवीन रहेजा, सत्यानन्द आर्य, योगराज अरोड़ा, राजेन्द्र भटनागर |
| **आशीर्वाद** | : | स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती व स्वामी धर्ममुनि जी 'दुग्धाहारी' |
| **मधुर भजन** | : | श्री सुचित नारंग (देहरादून), कु. सुकृति भटनागर |
| **ऋषि लंगर** | : | सायं 7.30 बजे |
| **प्रबन्धक** | : | प्रभा सेठी, यशोवीर आर्य, विश्वनाथ आर्य, शंकर देव आर्य |

**गुरुदेव को श्रद्धांजलि देने आप सपरिवार आमंत्रित हैं।**

-: निवेदक :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **दर्शन अग्निहोत्री**<br>अध्यक्ष | **सरोज अग्निहोत्री**<br>ट्रस्टी | **डॉ. अनिल आर्य**<br>संयोजक | **सुनील रहेजा**<br>स्वागताध्यक्ष |

## आर्य समाज रमेश नगर में उत्साह की लहर



रविवार 17 अप्रैल 2011 को आर्य समाज रमेश नगर दिल्ली में पश्चिमी दिल्ली की विशाल कार्यकर्त्ता बैठक सौत्साह सम्पन हुई। शिविरों को सफल बनाने का सभी आर्यो ने सकंल्प लिया। बैठक को सम्बोधित करते युवा नेता श्री नरेन्द्र आर्य सुमन व श्रीमती प्रभा सेठी, सुधा वर्मा, हीरालाल चावला, प्रि. सच्चिदानंद आर्या, डॉ. अनिल आर्य, रामकृष्ण सतीजा, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, नरेश विज, वेदपाल आर्य आदि ने बैठक को सम्बोधित किया।

## पूर्वी दिल्ली कार्यकर्त्ता बैठक सम्पन्न




रविवार, 17 अप्रैल 2011को पूर्वी दिल्ली क्षेत्र की आर्य कार्यकर्त्ता बैठक आर्य समाज, सूर्य निकेतन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। आर्य नेता दर्शन अग्निहोत्री, रविन्द्र मेहता, डॉ. अनिल आर्य, महेन्द्र भाई, डॉ. वीरपाल विद्यालंकार, यशोवीर आर्य, श्यामदास सेतिया, राम कुमार सिंह, संजय आर्य, यज्ञवीर चौहान, वेद प्रकाश आर्य ने सभा को सम्बोधित किया तथा शिविरो को सफल बनाने की अपील की।

# आर्य समाज प्रशान्त विहार में संगीत सन्ध्या की मची धूम




शनिवार, 16 अप्रैल 2011, आर्य नेता दुर्गा प्रसाद कालरा को सम्मानित करते श्री शशि भूषण मल्होत्रा, महेन्द्र भाई व दुर्गेश आर्य। द्वितीय चित्र में श्रीमती एवं श्री ओमप्रकाश भावल को सम्मानित करते निगम पार्षद श्री प्रवेश वाही।




श्रीमती पूजा व श्री अनिल मित्रा को सम्मानित करते आचार्य गवेन्द्र शास्त्री व डॉ. अनिल आर्य। द्वितीय चित्र में श्री नरेन्द्र कालरा के सप्तनीक अभिनन्दन का दृश्य




## राजेन्द्र नगर में डॉ. अनिल आर्य का अभिनन्दन



शुक्रवार, 15 अप्रैल 2011 वैदिक सत्संग मण्डल, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली के तत्वावधान में दिनांक 6 अप्रैल से 15 अप्रैल 2011 तक सिन्धी पार्क, राजेन्द्र नगर में वेद प्रचार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आचार्य सतीश सत्यम के मधुर भजन व श्री देवशर्मा वेदालंकार, आचार्य श्याम देव जी, डॉ. महेश विद्यालंकार, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री के सारगर्भित प्रवचन हुए। उपरोक्त चित्र में परिषद् अध्यक्ष डॉ. अनिल आर्य का शॉल व स्मृति चिन्ह से अभिनन्दन करते सुदर्शन किंगर, ओमप्रकाश मेहतानी, श्री भारद्वाज पाण्डेय, डॉ. महेश विद्यालंकार व श्री रामचन्द्र मल आदि। -लक्ष्मीनारायण सचदेव, प्रधान

## आर्ष गुरुकुल आबू पर्वत का उत्सव

राजस्थान के सुप्रसिद्ध गुरुकुल महाविद्यालय का 21वां वार्षिकोत्सव दिनांक 28, 29, 30 मई 2011 को मनाया जा रहा है। सभी आर्य जन हजारों की संख्या में पहुंचे।

-स्वामी धर्मानन्द सरस्वती, अध्यक्ष फोन : 09414589510

## पं. जीवन प्रकाश शास्त्री के सुपुत्रों की रही धूम



दिनांक 16.4.2011 केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् बाहरी दिल्ली के अध्यक्ष श्री जीवन प्रकाश शास्त्री के सुपुत्रों ने मधुर भजनों से सभी का मन मोह लिया। साथ में सुरेश आर्य, तिलक चांदना व महेन्द्र भाई जी।

## व्यायाम शिक्षक की आवश्यकता

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् फरीदाबाद को एक योग्य व्यायाम शिक्षक की आवश्यकता है जो कि वैदिक सिद्धान्तों व महर्षि दयानन्द का अनुयायी हो तथा बच्चों और किशोरों को प्रशिक्षित कर सके। **सम्पर्क करें श्री सत्यभूषण आर्य, एडवोकेट,** 51, सै.-16, फरीदाबाद मो. 9818897097

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548504 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, शंकरदेव आर्य, मोबाइल : 09424840057, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9910649696